# उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन की ओर से दिवंगत अधिवक्ताओं को किया गया नमन



नईदुनिया न्यूज, बिलासपुर: छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के कोर्ट-रूम में बुधवार को उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के सदस्य अविनाश मिश्रा और विक्रम गंगाधर तामस्कर की स्मृति में शोक सभा आयोजित की गई। इस दौरान शोक सभा में मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा समेत अन्य न्यायमूर्तियों की उपस्थिति रही। मुख्य न्यायाधीश ने दिवंगत अधिवक्ताओं के जीवन और उनके योगदान को याद करते हुए गहरा शोक व्यक्त किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अतिरिक्त महाधिवक्ता वायएस ठाकुर, उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमाकांत सिंह चंदेल और डिप्टी सालीसिटर जनरल रमाकांत मिश्रा ने दिवंगत अधिवक्ताओं के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

AnyScanner